Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding stray cattle causing damage to agriculture in Amroha Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh-laid.

कुंवर दानिश अली (**अमरोहा**): पूरे उत्तर प्रदेश में खासकर मेरे संसदीय क्षेत्र अमरोहा के किसानों के लिए आवारा पशु सबसे बड़ी समस्या बन गयी है । किसान रात-रात भर अपने खेतों की रखवाली कर रहे हैं इस के बावजूद किसान अपने फसलों की सुरक्षा नहीं कर पा रहे हैं । शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अचानक गाय बछड़ों की संख्या बढ़ गई है । सैकड़ों की संख्या में गाय बछड़ों के झुंड के झुंड खड़ी फसलों को बर्बाद किये जा रहे हैं । इन आवारा पशुओं के कारण सड़कों एवं बाजारों में बड़ी संख्या में दुर्घटनायें हो रही हैं । इस से आवागमन में बाधा के साथ जान माल के नुकसान का खतरा बढ़ गया है । गौशालाओं में भी गायों का रख रखाव नहीं हो पा रहा है । परिणामस्वरूप चारे के आभाव और समुचित देख भाल न होने के कारण सैकड़ों की संख्या में गायें मर जातीं हैं इस संकट को लेकर किसानों में कई जगह आक्रोश व्याप्त है । अतः भारत सरकार से अनुरोध है कि इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए शीघ्र समुचित उपाय किये जाएं, जिस से किसानों के संकट का निवारण हो सके ।

کنور دانش علی (امروہہ): محترم اسپیکر صاحب،پورے اترپردیش میں اور خاص کر میرے پارلیمانی حلقہ امروہہ کے کسانوں کے لئے آوارہ جانور سب سے بڑا مسئلہ بن گئے ہیں۔ کسان رات رات بھر اپنے کھیتوں کی رکھوالی کر رہے ہیں اس کے باوجود کسان اپنی فصلوں کی حفاظت نہیں کر پا رہے ہیں۔ شہروں اور گاوُوں میں اچانک گائے بچھڑوں کی تعداد میں اضافہ ہو گیا ہے۔ سیکڑوں کی تعداد میں گائے اور بچھڑے جھُنڈ کے جھُنڈ کھڑی فصلوں کو برباد کئے جا رہے ہیں۔ ان آوارہ جانوروں کی وجہ سے سڑکوں اور بازاروں میں حادثات پیش آ رہے ہیں۔ اس سے آنے جانے میں پریشانی کے علاوہ جان و مال کے نقصان کا خطرہ بھی بڑھ گیا ہے۔ گوُشالاوُں میں بھی گایوں کا رکھ رکھاوُ نہیں ہو پا رہا ہے۔ جس کے نتیجے میں چارے کی کمی اور مناسب دیکھ بھال نہ ہونے کی وجہ سے سیکڑوں کی تعداد میں گائے مر جاتی ہیں اس سنکٹ کو لیکر کسانوں

میں کئی جگہ غصّہ پھیل رہا ہے۔ اس لئے میری بھارت سرکار سے گزارش ہے کی اس سنگین مسئلے سے نپٹنے کے لئے جلد سے جلد مناسب اقدام اُٹھائے جائیں، جس سے کسانوں کی اس مصیبت کو دور کیا جا سکے۔ شکریہ